## संक्षिप्त

### रामचरितमानस के अखंड पाठ शुरू

**निवाई।** ग्राम खणदेवत में स्थित बावड़ी वाले बालाजी मंदिर में आचार्य पंडित मोहनलाल शास्त्री खणदेवत के सानिध्य में श्री रामचरितमानस के अखंड पाठों की विधिवत शुरुआत हुई। आचार्य शास्त्री के निर्देशन में पं. रमेशचंद शर्मा निमेड़ा, रमेशचंद सीन्दरा, पं. विनोद गौतम वनस्थली ने मंत्रोच्चारण के साथ सभी देवी देवताओं की पूजा करवाई। उसके बाद श्री रामचरितमानस की विधिवत पूजा संपन्न करवाई। इसी के साथ व्यास पीठ से श्री रामचरितमानस के पठान शुरू हुए। आचार्य मोहनलाल ने बताया कि बुधवार की सुबह अखंड पाठों की अभिजीत मुहूर्त में पूर्णाहुति होगी।

### भक्तों ने दी भजनों की प्रस्तुति

**बौंली- बामनवास।** चैत्र नवरात्र के समापन के बाद एकादशी के पावन पर्व पर श्री रघुनाथ जी मंदिर आजाद चौक बौंली के प्रांगण में सुर संगम के निदेशक सीताराम त्रिवेदी के नेतृत्व में श्याम वेद के प्रमुख गायको ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी, एकादशी पर महिलाओं के पूजा अर्चना के बाद पूर्व जिला आयुर्वेद अधिकारी हंसराज शर्मा ने एकादशी पावन कथा सुनाने के बाद भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान अनिल कुमार गौतम, महेंद्र वैष्णव, दीपक जांगिड़, व पत्रकार श्रद्धा ओम त्रिवेदी सहित अनेको भजन गायक व श्रद्धालु महिला, पुरुष उपस्थित थे।

### ग्राम विकास अधिकारी संघ की बैठक संपन्न

**पीपलू।** पंचायत समिति सभागार में राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ की बैठक आयोजित हुई। जिसमें ग्राम विकास अधिकारियों की व्यक्तिगत सामूहिक व संगठन आत्मक समस्याओं सहित स्वामित्व योजना आवास सर्वे व नियमित सफाई के मुददों पर चर्चा की गई। जिला संयुक्त मंत्री सचिन शर्मा व ब्लॉक मंत्री लोकेश चौधरी ने विकास अधिकारी को ज्ञापन देकर प्रकोष्ठ बैठक आयोजित करने का निवेदन किया। बैठक में ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र गुर्जर, महावीर गुर्जर, राजाराम गुर्जर, बलराम जाखड़, सूर्यकांत प्रजापत, नितेश व कन्हैयालाल चौधरी व सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

### हनुमान जयंती 12 को

**श्रीमाधोपुर ।** कस्बे के इच्छापूर्ण बालाजी स्टेशन रोड मंदिर में 11 अप्रैल शुक्रवार को प्रात: 7:30 से रामायण स्थापना होगी । मंदिर के बालाजी भक्त राजू नाई ने बताया कि 12 अप्रैल शनिवार को रामायण की पूर्णाहुति प्रात: 11 बजे तत्पश्चात हवन का आयोजन किया जाएगा ।श्याम 4 से पंगत प्रसादी शुरू की जाएगी जो देर शाम तक चलती रहेगी सैन ने बताया कि बालाजी भक्ति अधिक से अधिक पहुंचकर पंगत प्रसादी का लाभ उठाएं।

### नरेंद्र सिंह समिति के सदस्य बने

**श्रीमाधोपुर।** ग्राम मऊ के नरेंद्र सिंह को नगर निगम जयपुर हेरिटेज में अवैध भवन निर्माण निरोधक समिति के सदस्य बनाया। ग्राम के राकेश शर्मा ने बताया कि मऊ ग्राम के नरेंद्र सिंह शेखावत को नगर निगम जयपुर हेरिटेज में अवैध भवन निर्माण निरोधक समिति का सदस्य बनाया गया है। सदस्य बनाए जाने पर ग्रामवासियों ने उनको बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भैरव मंदिर जागरण में निकाली माता की सुंदर झांकी

**बहरोड़/ नीमराना।** बहरोड़ के इंदिरा कॉलोनी स्थित बाबा भैरव मंदिर के रात्रि जागरण में भजन कीर्तन पार्टी के साथ ही माता की सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई। भक्तों ने बाबा भैरव के रात्रि जागरण कार्यक्रम में माता की सुंदर झांकी निकालकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी भजन पार्टी के साथ ही मंदिर कमेटी के सदस्य एवं अनेक बुजुर्ग तथा महिला एवं पुरुष व बच्चे मौजूद रहे।

### बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के निर्देश

**अलवर ।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अक्षय तृतीया के पर्व एवं पीपल पूर्णिमा अबूझ सावा पर बाल विवाहों की प्रभावी रोकथाम हेतु उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं अधिकारियों को कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

# पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर पुतला जलाया

**चौमूं / कालाडेरा ।** भाजपा के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा की ओर से नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मन्दिर में प्रवेश करने पर मन्दिर को गंगाजल से धोने के मामले में चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर परिषद चौमूं के सामने तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही प्रदर्शन कर पुतला जलाया गया।

पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने विधानसभा के प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली के राम मन्दिर में दर्शन करने पर यह बयान दिया था कि उनके कारण मन्दिर अपवित्र हो गया। विधायक डॉ. शिखा मील बराला ने कहा कि रामनवमी के पर्व पर अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मन्दिर जाने के बाद भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा घृणित



नगर परिषद चौमूं के सामने पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

मानसिकता दिखाते हुए गंगाजल छिड़कने का जो कृत्य किया गया है, वो बेहद निंदनीय है और दलितों के प्रति निरादर और द्वेष भाव को दर्शाता है। ऐसी संकीर्ण, विभाजनकारी और जातिवादी सोच एक लोकतांत्रिक और समावेशी समाज के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य है।

यह कृत्य न केवल दलित समाज का अपमान है, बल्कि सामाजिक सौहार्द पर भी आघात है। भगवान राम समस्त मानवता के आराध्य देव हैं, उनके नाम पर ऐसा संकीर्ण राजनैतिक व्यवहार

- चौमूं विधायक डॉ. शिखा मील बराला के नेतृत्व में नगर परिषद चौमूं के सामने तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया

करना भाजपा के द्वारा अत्यंत शर्मनाक है। भाजपा की विचारधारा, बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान और उसके मूल्यों को लगातार आघात पहुँचा रही है। इस दौरान नगर परिषद सभापति विष्णु सैनी, पूर्वी एवं पश्चिम ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश शर्मा, गिरिराज देवंदा, पूर्व प्रधान भगवान सहाय धाँसिल, छीतरमल जलुथरिया, पंचायत समिति सदस्य कैलास यादव, पूर्व सरपंच सरपंच कृष्ण कांत शर्मा, पार्षद, आमिर ख़ान, पार्षद अशोक रच्छौया, पार्षद उत्तम गोठवाल, पार्षद कमल यादव, पार्षद राकेश कुमावत, पार्षद सायरमल सैनी, पार्षद महेश यादव, पार्षद शैलेन्द्र चौधरी, पार्षद महेन्द्र लाम्बा, पार्षद धीरेंद्र सैनी, पार्षद महेन्द्र कुमावत, पार्षद फिरोज नागौरी, पार्षद प्रत्याशी छीतरमल सैनी, पार्षद प्रत्याशी मुकेश सैनी, पार्षद प्रत्याशी विनोद आर्य, पार्षद प्रतिनिधि प्रहलाद गुलिया, पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक सैनी, सरपंच अशोक यादव, कैलाश बुनकर, पी. डी. यादव, किशोर कासोटिया, मोहनलाल कुमावत, जगदीश सेरावत, शंकर डागर, गौतम नागर, साजिद पठान, कैलाश अटल, महेन्द्र मीणा, लाला बलेसरा, युवा नेता नवीन शर्मा, चन्द्रकला नागौरी, बंटी सैनी, गजानंद सैनी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लिए गए अहम निर्णय

**नारायणपुर।** कस्बे के आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को मेडिकल रिलीफ सोसायटी (एमआरएस) की बैठक एसडीएम दिनेश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना और मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना रहा। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इनमें स्वास्थ्य केंद्र पर बिजली डीपी शिफ्टिंग और सीबीसी मशीन की खरीद को मंजूरी दी गई। इसके अलावा नए वार्डों में शिफ्टिंग के लिए आवश्यक फर्नीचर और बेड की खरीद के लिए भी प्रस्ताव पारित किए गए। स्वास्थ्य केंद्र की नियमित सेवाओं को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए लैब, एक्सरे, प्रिंटिंग और सफाई कार्यों की निविदाएं आमंत्रित करने का भी निर्णय लिया गया।

# किशनगढ़ बास में श्याम बाबा का दो दिवसीय मेला शुरू, भक्तों का उमड़ा सैलाब

**किशनगढ़ बास।** खाटू नगरी के बाद किशनगढ़ बास के बास कृपाल नगर में 8 वें 9 अप्रैल को भरने वाले दो दिवसीय

- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामहेत यादव पहुंचे मंदिर, श्याम प्रभु के किए दर्शन, क्षेत्र की खुशहाली के लिए मांगी मन्नत, कमेटी ने किया सम्मान

श्री श्याम प्रभु लक्खी मेले के शुभारंभ पर मंगलवार को रात्रि 9 बजे पहुंचे अलवर सांसद एवं केंद्रीय पर्यावरण वन मंत्री भूपेंद्र यादव, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य व पूर्व विधायक रामहेत यादव ने मंदिर



किशनगढ़ बास में जनसुनवाई करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।

पहुंचकर श्याम प्रभु के दर्शन किए व शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया आरती की और रात्रि संकीर्तन का विधिवत शुभारंभ किया। मंदिर कमेटी के लोगों ने इस अवसर पर केंद्रीय मत्री सहित अतिथियों का श्याम दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। बास कृपाल नगर में श्री श्याम प्रभु का यह 51 वा मेला है जो चैत्र शुक्ल ग्यारस को भरता है। मेले के प्रथम दिन सायं मंदिर से श्री श्याम प्रभु रथ पर सवार होकर भव्य झांकी के साथ शहर में भक्तों को दर्शन देने के लिए निकाले गए । श्री श्याम प्रभु के दर्शनों के लिए सड़कों पर अद्भुत नजारा था। पूरे रास्ते भक्त पलक पांवड़े बिछाए सड़कों पर बाबा के दर्शनों के लिए इंतजार में खड़े थे। रथ यात्रा में भक्त नाचते गाते हुए चल रहे। दो दर्जन से अधिक झांकियां श्याम बाबा के रथ के साथ चल रही थीं। कदम कदम पर भक्त विभिन्न पकवानों की स्टाल लगाकर प्रसाद का वितरण करते दिखाई दिए। श्री श्याम प्रभु के मेले के अवसर पर पधारे केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने बाईपास स्थित भाजपा कार्यकर्ता दीपचंद यादव के यहां जनसुनवाई की। जनसुनवाई में किशनगढ़ बास बंबोरा गौठडा माचा सहित आसपास के गांव से पहुंचे कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान राष्ट्रीय परिषद समिति के सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव , संजय नरूका, बन्ना राम मीणा, पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल जिला कलेक्टर किशोर कुमार, एसपी मनीष चौधरी, एसडीएम मनीष जाटव, सतीश सिंघल, मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल आदि नेता अधिकारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने नगर पालिका, अस्पताल की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**कोटकासिम।** खैरथल तिजारा जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटकासिम का औचक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी रेखा यादव, अस्पताल चिकित्सक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर उपखंड कार्यालय, नगर पालिका कार्यालय, उचित मूल्य की दुकानों का भी निरीक्षण

- कलेक्टर ने उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण कर लाइसेंस निरस्त करने के दिए निर्देश

कर व्यवस्थाओं को देखा।

अस्पताल निरिक्षण के लिए पहुंचे जिला कलेक्टर ने वार्ड में भर्ती मरीजों से हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं एवं डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया और साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर ने इस दौरान मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधा के बारे जानकारी ली। उपकरण आदि का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने



कोटकासिम अस्पताल निरीक्षण के दौरान मरीजों से बातचीत कर व्यवस्थाओं का फीडबैक लेते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

अस्पताल ड्यूटी कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि अस्पताल आने वाले मरीज एवं उनके परिजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करे, भर्ती मरीजों को प्रावधान के अनुरूप सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएं जिससे मरीजों एवं उनके साथ आने परिजनों को असुविधा नहीं हो। इसके अलावा जिला कलेक्टर ने कोटकासिम की ग्राम सेवा सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्यान्न का रखरखाव ठीक से नहीं होने पर रसद अधिकारी को मौके पर लाइसेंस सस्पेंड करने के निर्देश दिए। इसी के साथ कलेक्टर ने गांव गुरगचका की उचित मूल्य की दुकान का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने राशन वितरण की पारदर्शिता, स्टॉक रजिस्टर, रेट लिस्ट, अवलोकन किया और मौके पर आमजन से संवाद कर मिलने वाले राशन की मात्रा और समय पर वितरण को लेकर फीडबैक लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं राशन डीलर को स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता पाई गई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : रामसहाय वर्मा



भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए विधायक वर्मा।

**निवाई।** भाजपा शहर मंडल, अरनिया मंडल, नटवाड़ा मंडल व डागरथल मंडल के तत्वावधान में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, प्रधान रामअवतार लांगडी, मुख्य वक्ता पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, महिला मोर्चा पूर्व जिला महामंत्री नीलिमा आमेरा रहे।

विधायक वर्मा ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी का स्थापना दिवस पर देश सहित प्रदेश भर में प्रत्येक मंडल स्तर पर मनाया जा रहा है। मुख्य वक्ता सत्यनारायण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सडक़ से सडक़, नदी से नदी को जोडऩे का ऐतिहासिक कार्य किया था। उनका लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी को बड़ी पार्टी बनाना था। आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। प्रधान रामअवतार लांगडी ने कहा कि कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की नीति और रीति को घर घर तक पहुंचाने का कार्य करें। पूर्व विधायक किशनाराम सैन को भी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता, नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, अरनिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा, पार्षद नितिन छाबड़ा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# गर्मी में पेयजल व्यवस्था में लापरवाही नहीं हो : कन्हैयालाल चौधरी

**दौसा।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जलदाय विभाग के आला अधिकारियो की जमकर क्लास ली, साथ ही संतोषप्रद जवाब नही देने पर जमकर फटकार भी लगाई। इधर बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री

- कन्हैयालाल चौधरी ने अधिकारियो की जमकर क्लास ली, साथ ही संतोषप्रद जवाब नही देने पर जमकर फटकार भी लगाई

कन्हैयालाल चौधरी ने जलदाय विभाग के आला अधिकारियों को ढर्रा नहीं सुधारने एवं ठेकेदारों को पोषित करने पर निलम्बन की कार्यवाही करने की चेतावनी दी है, जिसके चलते विभाग में हडकम्प मच गया।



जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कलेक्ट्रेट के सभागार में समीक्षा बैठक ली।

बैठक में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि कान खोलकर सुन लो सभी, अब फर्जीवाड़ा नहीं चलेगा। अगले माह टीम लेकर आऊंगा, कहीं भी लापरवाही मिली तो मौके पर ही सस्पेंड करूँगा, स्थिति बहुत ही खराब चल रही है। जल जीवन मिशन में अब कोई भी काम होगा वो पूरे मापदंड से ही होगा। आपके प्रोजेक्ट में कहीं पानी नहीं जा रहा, लाइनें बाहर बिखरी पड़ी है अब नहीं चलेगा ये सब, अधिकारी लापरवाह एवं भ्रष्ट ठेकेदारों को पोषित कर रहे हैं। काम में देरी पर भी पेनेल्टी नहीं लगाते, जिसकी औकात 100 करोड़ के काम की नहीं है, वे 500 करोड़ का काम लेते हैं। उन्होने कहा कि गर्मी में पेयजल व्यवस्था में लापरवाही नहीं हो। आवश्यकता वाले स्थानों पर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की देरी नहीं हो। जहां जरूरत हो, वहां ट्यूबवैल व हैण्डपम्प लगवाएं। पेयजल वितरण व कार्य में देरी करने पर अधिकारी व ठेकेदारों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होने कहा कि जल आपूर्ति कार्य से जुड़े ठेकेदारों और कंपनियों द्वारा बरती गई अनियमिताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जावेगी। जनता को पानी और मुझे आपका काम चाहिए, परिणाम सार्थक नहीं रहा तो लापरवाह अधिकारियों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने कहा कि जलापूर्ति वितरण में भारी अनियमिततायें है, अधिकारियों की मिली भगत से ठेकेदार फर्जी बिल बनाकर भुगतान उठा रहे है, अधिकारी जल वितरण की समीक्षा तक नही करते है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत किये जाने पर उनकी सुनवाई तक नही होती है, पीने के पानी के लिए जनप्रतिनिधियों को अधिकारियों के सामने गिडगिडाना पडता है।

### पोस्टर का विमोचन किया

**पावटा।** माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा व माली/ सैनी महासभा पंचायत संस्था तहसील पावटा के तत्वावधान एवं पेंशनर समाज पावटा के मार्गदर्शन व सब्जी मंडी पावटा समस्त आढतिया एवं दुकानदारों के सौजन्य से 11 अप्रैल 2025 शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पावटा स्थित सब्जी मंडी प्रांगण में मनाई जायेगी। जिसको लेकर श्री श्री 108 मंगलदास महाराज टोरडा धाम के सान्निध्य में माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी सामाजिक कार्यकर्ता एवं माली/ सैनी महासभा पंचायत संस्था तहसील पावटा के अध्यक्ष श्री पटेल रामसिंह सैनी, संस्था सचिव भीमराज सैनी, संस्था उपाध्यक्ष गणेश सैनी एवं संस्था के सदस्यों के नेतृत्व में वार्ड पार्षद विजय गुप्ता , संजय खुटेटा, शंकर खंडेलवाल, बद्री प्रसाद चौहान एवं डीपी हॉस्पिटल की डॉक्टर्स टीम द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह के पोस्टर का विमोचन किया गया। कोषाध्यक्ष बंशीधर सैनी ने बताया कि इस दौरान सबसे पहले महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती उत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## सार-समाचार

### ज्ञानदेव आहूजा का पुतला जलाया

**पावटा।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के ख़िलाफ़ भाजपा पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा दिए गए शर्मनाक एवं अमर्यादित बयान को लेकर मंगलवार को कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व प्रधान महादेव यादव, सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसी पावटा कस्बा स्थित सुभाष चौक पहुंचे। जहां ज्ञानदेव आहूजा का पुतला बनाकर जलाया गया व विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान आहूजा के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। सभी ने एक स्वर में ज्ञानदेव आहूजा के बयान का कड़ा विरोध किया। ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व प्रधान महादेव यादव व सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने बताया कि भाजपा पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा की इसके पीछे उनकी ओछी मानसिकता है। यह उनकी विकृत मानसिकता का परिचय है। सबको समानता का अधिकार है इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस सचिव जगदीश मीणा, रामकरण यादव बड़नगर सरपंच,करण पंसारी सागर वर्मा पूर्व सरपंच, करतार सिंह शेखावत, गणेश सैनी, जितेंद्र यादव, वेदप्रकाश बाकोलिया, विकास वर्मा रवि सैन, विनोद यादव, सीताराम सिंघल, विजय राठी सहित कांग्रेस के लोगों ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली विधानसभा में दलित , पिछड़े, वंचित, शोषित युवाओं व किसानों सहित हर वर्ग की आवाज और सवाल मजबूती से उठाते हैं। इसलिए भाजपा नेता उनके खिलाफ इस तरह का बयान दे रहें है।

### ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**निवाई।** गांव कांटोली को ग्राम पंचायत नोहटा में ही रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन किया जा रहा है। जिसमें ग्राम कांटोली को ग्राम पंचायत नोहटा से हटाकर रामनगर धतूरी में किया जा रहा है। जबकि कांटोली ग्राम नोहटा की सीमा से लगता है। दोनों में मात्र एक डेढ किलोटमीटर की दूरी है तथा ग्राम कांटोली का पटवार हल्का व गिरदावर हल्का भी नोहटा में ही लगता है। ग्राम कांटोली व नोहटा गांव की जमीन एक दूसरे की सीमा में आती है ।आने जाने हेतु डामरीकरण सडक़ व सुलभ रास्ते हैं फिर भी ग्राम कांटोली को ग्राम पंचायत नोहटा से हटाकर रामनगर में जोडा जा रहा है। जो न्यायोचित नहीं है। ज्ञापन देने वालों में मांगीलाल गुर्जर, आरडी गुर्जर, नादानसिंह करीरिया, रणजीतसिंह मीणा, पप्पूलाल सैन, दिलराज खटाना, दयाशंकर पोसवाल, हनुमान, जगन्नाथ बैरवा, हरनाथ लांगड़ी, कजोड़मल, गिर्राज शर्मा, सुरज्ञान, रामस्वरूप, हंसराज पटेल, गोविंद मीणा, हेमराज चौधरी, रामजीलाल जाट, सीताराम व मुकेश बैरवा सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

### अभ्रद टिप्पणी पर किया पुतला दहन

**टोंक।** जिला कांग्रेस कमेटी टोंक द्वारा जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में घंटाघर चौराहा टोंक नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली पर भाजपा नेता द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर भाजपा की राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि भाजपा के नेताओं में दलितों के प्रति जो निरादर और द्वेष भरा है वो जगजाहिर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष और दलित समाज के प्रतिनिधि टीकाराम जूली ने अलवर में प्रभु राम के मंदिर में दर्शन किये थे, इस दौरान भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा ने गंगाजल छिड़क कर पवित्र करने की बात कही है, उससे उनकी दलितों के प्रति घृणित मानसिकता और संकीर्ण सोच सामने आई है। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञानदेव आहूजा का बयान भाजपा की दलितों के प्रति मानसिकता का परिचायक है, राजस्थान की जनता से भाजपा के नेतृत्व को क्षमा माँगनी चाहिए।

### सप्तम पोषण पखवाड़े का शुभारम्भ

**कोटपूतली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 08 से 22 अप्रैल 2025 तक मनाये जाने वाले सप्तम राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े का मंगलवार को शुभारम्भ जिला स्तर पर रैली निकालकर एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक सतपाल यादव ने बताया कि पखवाड़े के दौरान मुख्य रूप से 04 थीम पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जायेगी। जिनमें जीवन के प्रारम्भिक एक हजार दिनों पर ध्यान केद्रित करना, पोषण ट्रेकर में लाभार्थी मॉड्यूल का लोकप्रियकरण, सीएमएएम मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन एवं बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने के लिये स्वस्थ जीवनशैली शामिल है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़े के दौरान थीम आधारित गतिविधियों के अतिरिक्त सामुदायिक सम्पर्क और जन जागरूक के माध्यम से कुपोषण को समाप्त करने से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान पोषण रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षक संतरा यादव, शारदा देवी, वरिष्ठ सहायक नैना, ब्लॉक सुपरवाईजर किरण, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार शर्मा समेत एएनएम व आशा सहयोगिनी अन्य मौजूद रहे।

### दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सागवान के निर्देशन में रामसिंह पुलिस उप अधीक्षक देवली एवं दौलत राम गुर्जर थानाधिकारी देवली के नेतृत्व में नाबालिक का अपहरण कर दुष्कर्म के प्रकरण में वांछित 5 हजार रूपये का ईनामी आरोपी की तलाश हेतु विशेष टीम का गठन कर टीम द्वारा तकनीकी संसाधनों की सहायता एवं संकलित सूचनाओं के आधार पर ग्राम सिरोही, कस्बा दूनी, टोंक, जयपुर शहर, हिण्डोली, सावर, काछोला, जहाजपुर में कई संभावित स्थानों पर दबिश दी गई तथा मुखबीर की सूचना पर आरोपी अशोक पुत्र पांचु जाति खटीक उम्र 36 साल निवासी ग्राम सिरोही थाना देवली को कस्बा जहाजपुर जिला भीलवाडा से डिटेन कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ सामूहिक बलात्कार की धाराओं में मामला दर्ज है तथा घटना में शामिल अन्य आरोपीयों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी का नाबालिक के साथ भतिजी का रिश्ता बताया गया है, तथा पूर्व में आरोपी दुष्कर्म के प्रकरण में रह चूका 2 साल जैल में रह चुका है।

### बैठक का आयोजन

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में खनिज विकास को दृष्टिगत रखते हुए वैधानिक खनन की व्यवहारिक समस्याओं का निराकरण करते हुए पर्यावरण अनुकूल खनन को बढावा देने एवं अवैध खनन की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनिज विकास, पर्यावरण संरक्षण एवं अवैध खनन निगरानी समिति की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति सदस्य दीपसिंह शेखावत, प्रतिनिधि एनजीओ आपकी आवाज फाउण्डेशन (पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में कार्यरत एनजीओ), खनन पट्टाधारी सीताराम अग्रवाल, मोहन सिंह शेखावत, सुनील कुमार यादव, शंकर स्वामी (खनन पट्टाधारी) उपस्थित रहे। जिला कलेक्टर ने गठित समिति के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि उक्त समिति जिले में अवैध खनन/निर्गमन की रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही करवाकर अवैध खनन/निर्गमन पर निगरानी करेगी।

### मंगल पांडे का बलिदान दिवस मनाया

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम सांगटेड़ा स्थित ज्ञानदीप आदर्श विद्यालय में मंगलवार को समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में मंगल पांडे का 168 वाँ बलिदान दिवस मनाया गया। समाजसेवी शर्मा ने कहा कि मंगल पांडे ने 29 मार्च 1857 को बैरकपुर परेड ग्राउंड में लेफ्टिनेंट ब्रांऊ और मेजर सार्जेंट हुसन पर गोली चलाई थी। हिंदुस्तान की आजादी की पहली गोली से अंग्रेज भयभीत हो गये। अंग्रेजों को मंगल पांडे ने मौत के घाट उतार दिया। शहीद मंगल पांडे को 08 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी गई। जिससे पूरे देश में आजादी के लिए सुर उठने लगे। मंगल पांडे नेटिव इन्फैंट्री की 34 सी रेजीमेंट में सिपाही थे। इस दौरान विद्यालय में भारत माता जिंदाबाद मंगल पांडे अमर रहे नारे गूंजे और 02 मिनट का मौन रखा गया। निदेशक बाबूलाल चौधरी ने विधार्थियों को देश भक्ति के लिए प्रेरित करते हुये कहा कि राष्ट्र सेवा से बढकर कोई कार्य नहीं। इस दौरान प्रताप सिंह, रामानंद, जितेंद्र, महेंद्र मुक्कड़, कुलदीप समेत छात्र मौजूद रहे।

### शहीद संत कंवर का जन्मोत्सव 13 को

**किशनगढ़ बास।** अमर शहीद संत कंवर राम साहिब के जन्म उत्सव 13 अप्रैल रविवार बैसाखी पर्व पर धूमधाम से मनाए जाने के लिए संत कवर राम हरि मंदिर गुरुद्वारा पर समाज के मुखी गोकुल दास की अध्यक्षता में सिंधी पंचायत की बैठक हुई और अमर शहीद संत कंवर राम साहब के जन्म उत्सव को बड़ी धूमधाम से मनाए जाने के लिए जिम्मेवारी सोपते हुए अनेक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्णय लिए।